वेब परिचालन

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

Employees' Provident Fund Organisation
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
वैबसाईट/Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

संख्या: हि.अ./ति.प्र.रि./संगठन/2018/ 1911 दिनांक: 10 OCT 2018

सेवा में,

संबंधित अपर के.भ.नि.आयुक्त- (अंचल)
(नीचे तालिका के अनुसार)

**विषय: 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए राजभाषा संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट भाग-I की मद संख्या 4 में दिए गए आंकड़ों की समीक्षा के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

आपके संज्ञान में लाया जाता है कि आपके कार्यालय के नाम के समक्ष दर्शाए गए अधीनस्थ कार्यालय/ कार्यालयों की 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए राजभाषा प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान यह पाया गया है कि इन कार्यालयों द्वारा किए गए पत्राचार की मात्रा काफी कम है। ऐसा प्रतीत होता है कि इन कार्यालयों द्वारा लेखा, पेंशन, अनुपालन आदि अनुभागों द्वारा भेजे गए पत्रों / ई-मेल आदि के आंकड़ों को पत्राचार में शामिल नहीं किया गया है जो वास्तव में पत्राचार का हिस्सा हैं तथा इन्हे पत्राचार में शामिल किया जाना अपेक्षित है।

अत: यह आवश्यक हो जाता है कि आप अपने अधीनस्थ कार्यालयों की मॉनीटरिंग करें तथा उन्हें निदेश दें कि कार्यालय के पत्राचार को कम करके न दिखाया जाए। कार्यालय के सभी अनुभागों यथा पेंशन, प्रशासन, लेखा, क्षतिपूर्ति, लेखापरीक्षा, वित्त आदि सभी अनुभागों से होने वाले पत्राचार / ई-मेल आदि को पत्राचार में शामिल किया जाए। निम्नलिखित आंचलिक कार्यालय इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करें तथा अधीनस्थ कार्यालयों में इस आशय के निदेश जारी करें। इस संबंध में अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा की गई कार्रवाई की समेकित रिपोर्ट 15-10-2018 तक मुख्यालय प्रेषित की जाए :-

| क्र.सं. | आंचलिक कार्यालय | अधीनस्थ कार्यालय |
|---|---|---|
| 1. | आं.का. मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल | सागर |
| 2. | आं.का. मुम्बई-2, थाणे | वाशी |
| 3. | आं.का. गुजरात, अहमदाबाद | वडोदरा, वटवा |
| 4. | आं.का. बंगलौर | बोम्मसंद्रा-I, बोम्मसंद्रा-II, के आर पुरम, पीन्या, आर आर नगर, तुमकुर |
| 5. | आं.का. कर्नाटक एवं गोवा, हुबली | बेल्लारी, गुलबर्गा, रायचूर, शिमोगा |
| 6. | आं.का. उत्तर-पूर्व क्षेत्र, गुवाहाटी | अगरतला, शिलांग |
| 7. | आं.का. तमिलनाडु, कोयम्बतूर | मदुरै, तिरुनेलवेली, त्रिची, नागरकोइल |
| 8. | आं.का. तेलंगाना, हैदराबाद | पट्टनचेरू, करीमनगर, सिद्दिपेट, वारंगल |
| 9. | आं.का. कोलकाता | दार्जिलिंग |

भवदीय,

(के.एल. गोयल)
अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (मुख्यालय) एवं प्रभारी राजभाषा